नवाचार

# पहले प्रतिमा क्षेत्र की सफाई, फिर गुलाब से रांगोली

पत्रिका सोशल प्राइड



**रतलाम.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नगर निगम के स्वच्छता अभियान से युवाओं ने प्रेरणा ली है। प्रेरणा के अंतर्गत रतलाम के सस्थापक रत्नसिंह की प्रतिमा की स्वच्छता व इस पर गुलाब के फूलों से रांगोली बनाने का कार्य किया गया है। इस काम को श्री मंगलनाथ महाकाल रक्तदान मंडल से जुड़े युवाओं ने किया है।

समिति के सदस्यों ने बताया की शहर में कलेक्टर व प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया लगातार स्वच्छता की दिशा में ध्यान देकर शहर को स्वच्छता की दौड़ में नंबर एक पर लाने के लिए प्रयास कर रहे है।

समिति से जुड़े युवा सबसे पहले सुबह करीब 8 बजे नगर निगम के सामने पूर्व राजा रत्नसिंह की प्रतिमा पर आए व पानी से सफाई की। इस दौरान जो गंदगी लंबे समय से प्रतिमा के आसपास थी उसको हटाया गया। इसके बाद पौंछा लगाकर क्षेत्र को चमकाया गया। इस दौरान डिटरजेंट का उपयोग भी किया गया।

पत्रिका

## बनाई मनमोहक रांगोली

सफाई के बाद युवाओं ने गुलाब के फूल से मनमोहक रांगोली बनाई। इतना ही नहीं पूर्व राजा की प्रतिमा क्षेत्र के बाहर गुलाब के फूल बिखेर दिए। युवाओं के अनुसार उन्होंने मन में पूर्व राजा की प्रतिमा के समक्ष यह भावना प्रकट की है कि शहर में सभी स्वस्थ व स्वच्छता का ध्यान रखें।

श्री मंगलनाथ महाकाल रक्तदान मंडल मुख्य रुप से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करता है। हमने लीक से हटकर कार्य की शुरुआत की है। हर सप्ताह एक चौराहे या प्रतिमा क्षेत्र में जाकर स्वच्छता कार्य किया जाएगा। - **पंकज भाटी**, सदस्य, श्री मंगलनाथ महाकाल रक्तदान मंडल

पत्रिका 6/9/21

# छूटे लोगों के सर्वे के लिए दल गठित

**रतलाम** ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में डेंगू की रोकथाम तथा कोविड-वैक्सीनेशन के प्रथम डोज से छूटे व्यक्तियों के सर्वेक्षण के लिए दलों का गठन किया है। सर्वेक्षण दल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा के अधिनस्थ कार्य करेंगे। सर्वेक्षण दल जब तक घरों के सभी लोगों की जांच ना हो जाए तब तक उन घरों का निरंतर भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करते रहेंगे। कोई भी घर-परिवार सर्वे से छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। परिवार के प्रत्येक सदस्य को जानकारी अनिवार्य रूप से एकत्रित करेंगे। इसके अलावा सर्वेक्षण दल डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों को पनपने नहीं देने हेतु घरों के अंदर जमा पानी के टैंक, पानी स्टोरेज, छत पर पुराने टायर या अन्य सामान जिम में पानी जमा होने देखेंगे उचित परामर्श देंगे। इस कार्य के दौरान किसी भी तरह का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। स्वदेश

स्वदेश 6/9/21

# रोना का प्रथम डोज जल्द लगवाने के निर्देश



रतलाम। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि शत प्रतिशत रूप से कोरोना का प्रथम डोज लगाने का काम शीघ्र पूर्ण करें रणनीति बदले। एसडीएम अपने अधीनस्थ सभी विभागों के पूरे अमले को एक साथ लगाकर शीघ्र अति शीघ्र प्रथम डोज वैक्सीनेशन काम पूरा करें। जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति ने बताया कि जावरा शहर में सोमवार को बचे हुए 8 हजार वैक्सीन लगाकर शहर में शत-प्रतिशत प्रथम डोज का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार दोपहर राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व बिंदुओं पर निर्देश दिए।

राज एक्सप्रेस 6/9/21

# नीला आसमान... हनुमान ताल की खूबसूरती बढ़ी, अब कल से फिर बदलेगा मौसम, तेज बारिश के आसार



तलाम | शहर का मौसम खुशनुमा बना हुआ है यानी आसमान नीला है... बादलों की आवाजाही आसानी से देख सकते हैं। हनुमान ताल सहित अन्य पर्यटन स्थलों की खूबसूरती इस मौसम में बढ़ गई है। रविवार को दिन का तापमान 1.8 डिग्री बढ़ गया जो 33 डिग्री दर्ज किया गया। लेकिन अब दोबारा बारिश का दौर आने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 7 या 8 सितंबर से अच्छी बारिश के आसार बने हुए हैं। 6 सितंबर से लो प्रेशर का एरिया बनेगा, मौसम में बदलाव दिखने लगेगा। फोटो - चिंटू मेहता भास्कर

दै. भास्कर 6/9/21

# सफाई दरोगा ने कचरा वाहन चालक को मारा चाकू, घायल वाहन चालक जिला अस्पताल में भर्ती

6/9/21



**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

सुभाष नगर क्षेत्र में आज नगर निगम के दो कर्मचारी आपस में भिड़ गए। विवाद के दौरान नगर निगम के सफाई दरोगा ने कचरा वाहन चालक युवक पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना आज दोपहर की है जब वाहन चालक शुभम कचरा वाहन लेकर सुभाष नगर पहुंचा था, जहां सफाई दरोगा गौरव पेमाल से उसका किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। हाथापाई के दौरान गौरव ने चाकू से हमला कर शुभम को घायल कर दिया। चाकूबाजी में घायल शुभम को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

नगर निगम कर्मचारियों के के बीच चाकूबाजी की घटना आज दोपहर की है। जहां सफाई व्यवस्था से जुड़े दो कर्मचारी आपस में भिड़ गए। हाथापाई के दौरान सफाई दरोगा गौरव शुभम को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल शुभम ने बताया कि वह अपना वाहन लेकर सुभाष नगर क्षेत्र में पहुंचा था, जहां सामने से आ रहे सफाई दरोगा गौरव ने उसे घुरने की बात को लेकर पीटना शुरू कर दिया और जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकूबाजी में घायल हुए शुभम को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

प्रसारण 6/9/21

# डेंगू की रोकथाम और टीके से छूटने वालों के लिए दल

रतलाम, नप्र। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में डेंगू की रोकथाम तथा कोविड वैक्सीनेशन के पहले टीके से छूटे लोगों की जानकारी के लिए दलों का गठन किया है। सर्वेक्षण दल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा की देखरेख में काम करेंगे। सभी दलों की ओर से सर्वेक्षण का काम कल 6 सितंबर से शुरू करेंगे। 10 सितंबर तक शत प्रतिशत काम पूरा करना होगा। इस काम में दल अपने क्षेत्र के एनजीओ का सहयोग भी ले सकेंगे। दलों सर्वेक्षण में डेंगू की रोकथाम के लिए बुखार रोगी का नाम, मुखिया का नाम, आयु, मोबाइल नंबर तथा पता नोट करेंगे। वैक्सीनेशन में प्रथम डोज से छूटे हुए लोगों का नाम, पता, आयु, मोबाइल नंबर तथा टीका नहीं लगाने का कारण नोट किया जाएगा। दल में स्वास्थ्य, निगम तथा बाल विकास के कर्मचारी रहेंगे।

पृ.क्र. 5

प्र.किरण 5/9/21

# सर्वेक्षण के लिए दल गठित

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलामशहर में डेंगू की रोकथाम तथा कोविड-वैक्सीनेशन के प्रथम डोज से छूटे व्यक्तियों के सर्वेक्षण के लिए दलों का गठन किया है। सर्वेक्षण दल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा के अधिनस्थ कार्य करेंगे। जारी आदेश के अनुसार समस्त दलों द्वारा सर्वेक्षण कार्य 6 सितंबर से 10 सितंबर की अवधि में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। दल अपने क्षेत्र के एनजीओ का सहयोग भी लें सकेंगे। दलों द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए बुखार रोगी का नाम, मुखिया का नाम, आयु, मोबाइल नंबर तथा एड्रेस नोट किया जाएगा। वैक्सीनेशन में प्रथम डोज से छूटे हुए लोगों का नाम, पता, आयु, मोबाइल नंबर तथा टीका नहीं लगाने का कारण नोट किया जाएगा। सर्वेक्षण दल में स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर निगम के कर्मचारी सम्मिलित किए गए हैं। सर्वेक्षण दल जब तक घरों के सभी लोगों की जांच ना हो जाए तब तक उन घरों का निरंतर भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करते रहेंगे। कोई भी घर-परिवार सर्वे से छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। नवभारत

नवभारत 6/9/21

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि शत प्रतिशत रूप से कोरोना का प्रथम डोज लगाने का काम शीघ्र पूर्ण करें रणनीति बदले एसडीएम अपने अधीनस्थ सभी विभागों के पूरे अमले को एक साथ लगाकर शीघ्र अति शीघ्र प्रथम डोज वैक्सीनेशन काम पूरा करें जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति ने बताया कि जावरा शहर में सोमवार को बचे हुए 8 हजार वैक्सीन लगाकर शहर में शत-प्रतिशत प्रथम डोज का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार दोपहर राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व बिंदुओं पर दिए दिशा निर्देश। स्वतंत्र

स्वतंत्र लेखनी 6/9/21

## नो पार्किंग में खड़े 2 वाहनों जब्त

रतलाम । नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत शनिवार को नो पार्किंग में खड़े 2 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार शनिवार को चांदनी चौक क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर अनिल-गोपाल जाट रतलाम व रमेशचन्द्र-गंगाराम चौहान इंदौर पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 सितम्बर को 16 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में कचरा व गंदगी करने पर भैरूलाल महू रोड बस स्टैण्ड, रायल घड़ी नौलाईपुरा, मुशरफचांदनी चौक पर 100-100, भगवान सिंह पैलेस रोड, कलीम, अशोक, भोलीबाई दो बत्ती, लियाकत, सुनील, अनिताबाई कालिका माता, नेहा न्यू रोड, बगदीबाई, लेखाबाई सैलाना बस स्टैण्ड, रमेश सब्जी मण्डी, रमेश व सोना जायसवाल सज्जन मिल रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

नवभारत 6/9/21

# कलेक्टर साहब...सालों से चक्कर ही काट रही हूं...

## नामांतरण की शिकायतों के साथ ही सुविधाघर की कमी और सफाई की दिक्कत बताई...

**ाम, नप्र। रतलाम, नप्र। मकान नामांतरण लिए लोगों को इतनी परेशानी हो रही है कि म में रोजाना धोक लगाने के बाद भी ा काम नहीं हो रहा है। टालमटोल के लिए दिन कुछ ना कुछ कमियां बताकर लोगों टरकाया जा रहा है। खासी परेशानी तो ंड का भाग खरीदने वालों को हो रही है महीनों से चक्कर लगा रहे है लेकिन ांतरण नहीं हो रहा है।**

ऐसी ही परेशानी को लेकर सैनिक कॉलोनी के राम प्रजापत नगर निगम में कलेक्टर एवं निगम ासक कुमार पुरुषोत्तम से मिले। प्रजापत ने वेदन में बताया कि उसका मकान सैनिक लोनी में है। इस मालिकाना मकान का नामांतरण लिए आवेदन पत्र निगम कार्यालय में दिया जा ा है लेकिन आज तक नामांतरण नहीं हुआ है। ापत ने कलेक्टर को बताया कि कई बार निगम चक्कर लगा चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो ी है। कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेकर रूरी कार्रवाई के लिए संबंधित शाखा को निर्देशित किया। सैनिक कॉलोनी की सीताबाई प्रजापत ने कलेक्टर को बताया कि वह कई सालों से नगर निगम के चक्कर लगा रही है लेकिन उसके मकान का नामांतरण नहीं हो रहा है। कलेक्टर को बताया कि सैनिक कॉलोनी योजना क्रमांक 30 में उनके मकान का नामांतरण नहीं हो रहा है। आवेदन भी दिया हुआ है। नामांतरण के लिए पिछले कई सालों से निगम के चक्कर काट रही है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने सिटी इंजीनियर को इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिए।



रामदेवजी की घाटी के संजय चौहान ने देवरा देवनारायण योजना में प्लाट की रजिस्ट्री नहीं होने का आवेदन दिया। बताया कि 1991-92 में नगर सुधार न्यास से देवरा देवनारायण योजना क्रमांक 55 में प्लाट लिया था। जिसकी रजिस्ट्री अभी तक नहीं करवाई गई। कलेक्टर ने विकास शाखा प्रभारी को कार्रवाई के कहा। इसके अलावा ईदगाह रोड, बाजना बस स्टेंड के बसंतीलाल नानालाल ने उनके भूखंड की राशि एवं पूरा टैक्स जमा कर रजिस्ट्री पत्र बनवाया जाने की गुहार कलेक्टर से कही। शहर सराय एवं धानमंडी क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर को बताया कि इस क्षेत्र में सुविधाघर की कमी महसूस की जा रही है। यहां सालों पहले सुविधाघर था लेकिन अब नहीं है। शहरसराय के दुकानदारों और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने चौराहे पर क्षेत्र में सुलभ काम्पलेक्स बनाए जाने संबंधी निवेदन किया। इस संबंध में संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए कहा। हटीराम दरवाजा के रामचन्द्र परमार और आनंदीलाल गुगलिया ने मोहनटॉकीज सड़क पर हाल ही में बनाए गए स्पीड ब्रेकर और नाली पर बनाए स्टेप को हटाए जाने का आवेदन देकर होने वाली परेशानी बताई। कलेक्टर ने इस आवेदन पर पीडब्ल्यूडी शाखा को कार्रवाई के कहा। अलकापुरी के विजयसिंह भाटी ने घर के सामने का चेंबर की सफाई ना होने, शब्बीर कापड़िया ने लकड़पीठा मेन रोड पर सरकारी नल का गलत उपयोग कर गंदगी और कीचड़ करने की शिकायत की। सूरजमल जैन नगर के रहवासियों ने सड़कें खोदने के बाद मरम्मत नहीं करने की समस्या बताई। बताया कि इस कारण नालियों से पानी बाहर निकल रहा है और बीमारियों फैलने का अंदेशा बना हुआ है। वार्ड नंबर 1 गांधीनगर की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में भी आवेदन आया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर सुनवाई कर निगम की संबंधित शाखाओं को समय सीमा में निराकरण के लिए कहा।

कलेक्टर ने निगम अमले को निर्देश दिए कि शिविर में आए हर आवेदन पर मानवीयता के आधार पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। साथ ही कार्रवाई से आवेदकों को जानकारी दें। आयुक्त सोमनाथ झरिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, एम.के.जैन, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, विकास मरकाम, लेखापाल जगदीश पांचाल, निज सहायक सुभाष गोयल आदि मौजूद रहे। •

प्रभातकिरण 5/9/21

# सूरजश्री कॉलोनी के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशान

रतलाम | सूरज श्री कॉलोनी के रहवासी को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट नहीं है वहीं पानी भी नहीं आ रहा, सड़क खराब होने से भी परेशानी है। रहवासियों ने भू अभिलेख सहायक अधीक्षक यशदीप रावत को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। रहवासियों ने बताया 2017 में यह कॉलोनी बनाई गई थी। अभी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशानी हो रही है। अचानक जल प्रदाय भी बंद कर दिया गया, डामरीकरण रोड बनाने की बात हुई थी लेकिन नहीं बनाई गई। रहवासियों ने मांग की है कि कॉलोनी को नगर निगम के हैंडओवर किया जाए।

दै. भास्कर 6/9/21

## नियंत्रण की सारी तैयारी, फिर भी प्रदेश में कहर बरपा रहा डेंगू

# प्रदेश में अब तक 950 से अधिक डेंगू के मरीज इलाजरत

**भोपाल ■ श्रवण मावई**

केंद्र सरकार द्वारा मप्र को भेजी गई 13 लाख 56 हजार 300 मच्छरदानियां प्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने वाले लोगों को बांटी गई है। वहीं 70.19 लार्वाभक्षी गम्बूसिया और गप्पी मछलियां खरीद कर पानी में छोड़ा गया। जून माह में मलेरिया माह मानते हुए कीटनाशी दावा का भी छिड़काव हुआ, फिर भी प्रदेश में डेंगू कहर बरपा रहा है। जबकि मच्छर जानित रोगों को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कई तरह के इंतजाम किए हैं, इसके बाद भी डेंगू के मरीज मिल रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के ही अनुसार साल 2020-21 में केंद्र सरकार ने मप्र को 13 लाख 56 हज़ार, 300 मच्छरदानियां बांटने के लिए भेजी थी। कीटनाशी युक्त इन मच्छरदानियों को उन इलाकों के लोगों को बांटना तय किया गया था जहां डेंगू, मलेरिया या मच्छर जनित रोग का अधिक प्रकोप होता है। स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया विभाग के माध्यम से मच्छरदनियां बांटने की रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी। इसी तरह 70.19 लाख लार्वाभक्षी गम्बूसिया और गप्पी मछलियां को मत्स्य विभाग या अन्य एजेंसियों से खरीद कर पानी में छोड़ा गया और अल्फासाइपटमिथ्रिन, डीटीटी कीटनाशाक दवा का छिड़काव घरों में किया गया है। इस सब के बाद भी मप्र में इस साल डेंगू का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, अब प्रदेश के अलग-अलग शहरों में 950 से भी अधिक मामले आ चुके हैं और अस्पतालों में बुखार के मरीज भी काफी तदाद में इलाज के लिए पहुंच रही है। जहां कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर को स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बनाए हुए है, वहीं डेंगू, चिकनगुनिया और स्वाई फ्लू को लेकर लपरवाह है। डेंगू को लेकर अब तक प्रदेश में कोई अभियान शुरू नहीं किया गया है। वहीं साल 2020 में प्रदेश में जापानीज़ इन्सिफेलाईटिस के कुल 11 मामले पाए गए थे।

### ये किए गए इंतजाम

- केंद्र से भेजी गई साढ़े 13 लाख से ज्यादा मच्छरदानियां बांटी
- 70.19 लाख लार्वाभक्षी मछलियां खरीद कर पानी में छोड़ी
- मलेरिया माह जून में कीटनाशक दवा का छिड़काव भी हुआ

### डेंगू के अब तक आए मामले

इंदौर में - 73 , भोपाल -80, जबलपुर -179 , ग्वलियर -25, सागर -20 , रीवा -18 , धार -26 मंदसौर -318 , रतलाम -200, आगर मालवा -102 , छिंदवाड़ा -62 और नीमच में 30 सहित प्रदेश के अन्य जिलों में अब तक कुल 950 से अधिक डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं खरगौन, भोपाल, धार, आगर मालवा में पीड़ित मरीजों की मौत हो गई हैं। भोपाल में स्वाइन फ्लू से एक व्यक्ति की मौत हुई है। अब तक चिकनगुनिया के प्रकरण की पुष्टि नहीं की गई है।

### मप्र में डेंगू की स्थिति

| वर्ष | पॉजिटिव |
|---|---|
| 2016 | 3340 |
| 2017 | 2666 |
| 2018 | 4997 |
| 2019 | 4120 |
| 2020 | 806 |
| 2021 | 950 |

### चिकनगुनिया की स्थिति

| वर्ष | पॉजिटिव |
|---|---|
| 2016 | 932 |
| 2017 | 858 |
| 2018 | 1616 |
| 2019 | 802 |
| 2020 | 806 |
| 2021 | 00 |

### मलेरिया की स्थिति

वर्ष--मरीज संख्या--मौत

2016--68,539--03

2017--47, 541--05

2018--22, 279--01

2019--14,147 --03

2020--6,760 --00

### मच्छर लार्वा मिलने 500 रुपए जुर्माने का प्रावधान

मच्छर जनित विभिन्न रोगों पर नियंत्रण के लिए मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 और नगर पंचायत की उपविधियां 1999 के अंतर्गत किसी भी घर, दुकान, कार्यालय में मच्छर का लार्वा मिलने पर उस जगह के मालिक पर 500 रुपए जुर्माना करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत अब किसी से भी जुर्माना वसूल नहीं किया गया है। जुर्माने की जानकारी नहीं होने से लोग मच्छर के लार्वा के पनपने के कारणों को नजरअंदाज कर रहे हैं। हालाकि जबलपुर में नगर निगम ने 200 रुपए जुर्माना वसूल किया है।

### इनका कहना है...

डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित रोग के नियत्रंण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पर्याप्त उपाय किए हैं। इस समय लगातार हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मलेरिया विभाग मच्छरदानियां बांटने का कार्य कर रहा है।

■ आकाश त्रिपाठी
अयुक्त, स्वास्थ्य विभाग मप्र



## वार्ड 39 के प्रभारी विजय खरे निलंबित

रतलाम। वार्ड क्रमांक 39 अन्तर्गत नजरबाग बैंक कालोनी क्षेत्र के रहवासियों द्वारा व्हाट्स एप पर गंदगी होने की शिकायत करने व फोटोग्राफ अपलोड करने से निगम की छवि धूमिल होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड प्रभारी विजय खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलबंन अवधि में इनका मुख्यालय-जुलवानिया ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केन्द्र रहेगा।

## अनिल चनाल को वार्ड क्रमांक 37 के प्रभारी का दायित्व सौंपा

रतलाम। कार्य व्यवस्था एवं प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अनिल-प्रभुलाल चनाल को वार्ड क्रमांक 37 के वार्ड प्रभारी का दायित्व सौंपा है, जो स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार वार्ड प्रभारी का कार्य संपादित करेंगे।

## अशोक (गौरव) -संजय पैमाल सेवा से बर्खास्त

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण ड्रायवर शुभम चनाल पर धारदार हथियार से हमला करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया।

नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण वाहन ड्रायवर शुभम् चनाल पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले के बाद घायल ड्रायवर शुभम् चनाल को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने जिला चिकित्सालय जाकर घायल कर्मचारी श्री चनाल को देखा व इसकी सूचना कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम को दी। अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा किए गए उक्त कृत्य व हमले की पुलिस एफआईआर दर्ज होने को गंभीर कदाचरण की श्रेणी में लेते हुए तत्काल प्रभाव सेवा से बर्खास्त किया गया।

## अतिक्रमण व गंदगी करने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 5 सितम्बर को 4 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मित्र निवास कालोनी में गली में लेट-बाथ बनाकर अतिक्रमण करने पर हमीद खान शैरानी का अतिक्रमण हटाकर 15000 की राशि का जुर्माना किया गया। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री व मलबे से अतिक्रमण करने पर दिलीप पावेचा नाहरपुरा गली नम्बर 2 पर 2000, खुले में गंदगी करने पर नेहा किराना स्टोर व नेहा गेलेक्सी सेंटर पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 6/9/21

## वाट्सएप पर शिकायत, दारोगा निलंबित

रतलाम. शहर के नगर निगम के पीछे स्थित नजरबाग क्षेत्र के रहवासियों ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को वार्ड में गंदगी के फोटो भेजे। जब इसकी जांच की तो गंदगी पाई गई। इसके बाद वार्ड नंबर 39 के दारोगा विजय खरे को निलंबीत कर दिया गया है। आयुक्त झारिया ने बताया गंदगी के बारे में शिकायत 3 सितंबर को मिली थी व 5 सितंबर को जाकर जांच की गई तो गंदगी पाई गई। इसके बाद वार्ड दारोगा को निलबित किया गया पत्रिका

पत्रिका 6/9/21

## साले को जीजा ने मारा चाकू

रतलाम. जीजा ने सुभाषनगर क्षेत्र में साले को कचरा गाड़ी चलाने के दौरान चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार सुभाषनगर निवासी शुभम चनाल 26 नगर निगम की कचरा गाड़ी चलाता है। उसका जीजा गौरव पिता संजय पैमाल आया और उसकी गाड़ी रोककर उस पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से शुभम संभलता तब तक गौरव चाकू मारकर भाग गया। शुभम ने बताया कि उसका जीजा आए दिन घर आकर विवाद करता रहता था। वह उनसे रुपए और मकान की मांग करता रहता। दो-तीन दिन पहले भी घर आकर विवाद करके गया था। पत्रिका

पत्रिका 6/9/21

# एक अक्टूबर से करना होगा 12 घंटे काम, घटेगा वेतन

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नौकरीपेशा लोगों के जीवन में अगले महीने अक्टूबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार एक अक्टूबर से श्रम कानून के नियमों में बदलाव करने का मन बना रही है। यदि यह नियम लागू हो जाता है तो एक अक्टूबर से आपको अपने ऑफिस में ज्यादा वक्त देना होगा। नए श्रम कानून की बात करें तो इसमें 12 घंटे काम करने की बात कही गई है। यही नहीं आपकी इन हैंड सैलरी पर भी इस कानून का असर पड़ता नजर आएगा। यहा आइए आपको बताते हैं कि नया लेबर कोड आपको कैसे प्रभावित कर सकता है।

## अक्टूबर की पहली तारीख से सैलरी पर पड़ेगा असर

सरकार नये लेबर कोड में नियमों को 1 अप्रैल, 2021 से ही लागू करना चाहती थी, लेकिन राज्यों की तैयारी नहीं थी, साथ ही कंपनियों को एचआर पॉलिसी बदलने के लिए ज्यादा समय देने के कारण इसे टालने का काम किया गया। २७

शाम एक्सप्रेस 6/9/21

## डेंगू की रोकथाम तथा प्रथम डोज से छूटे लोगों के सर्वेक्षण के लिए दल गठित

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रतलामशहर में डेंगू की रोकथाम तथा कोविड-वैक्सीनेशन के प्रथम डोज से छूटे व्यक्तियों के सर्वेक्षण के लिए दलों का गठन किया है। सर्वेक्षण दल निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा के अधिनस्थ कार्य करेंगे।

जारी आदेश के अनुसार समस्त दलों द्वारा सर्वेक्षण कार्य 6 सितंबर से 10 सितंबर की अवधि में शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। दल अपने क्षेत्र के एनजीओ का सहयोग भी ले सकेंगे। दलों द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए बुखार रोगी का नाम, मुखिया का नाम, आयु, मोबाइल नंबर तथा एड्रेस नोट किया जाएगा। वैक्सीनेशन में प्रथम डोज से छूटे हुए लोगों का नाम, पता, आयु, मोबाइल नंबर तथा टीका नहीं लगाने का कारण नोट किया जाएगा। सर्वेक्षण दल में स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर निगम के कर्मचारी सम्मिलित किए गए हैं।

सर्वेक्षण दल जब तक घरों के सभी लोगों की जांच ना हो जाए तब तक उन घरों का निरंतर भ्रमण कर जानकारी एकत्रित करते रहेंगे। कोई भी घर-परिवार सर्वे से छूटे नहीं, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी अनिवार्य रूप से एकत्रित करेंगे। इसके अलावा सर्वेक्षण दल डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों को पनपने नहीं देने हेतु घरों के अंदर जमा पानी के टैंक, पानी स्टोरेज, छत पर पुराने टायर या अन्य सामान जिम में पानी जमा होने देखेंगे उचित परामर्श देंगे। इस कार्य के दौरान किसी भी तरह का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा और कोताही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम 6/9/21

# नगर निगम के कचरा वाहन चालक को जीजा ने चाकू मारा

नईदुनिया

रतलाम। दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में आपसी विवाद में नगर निगम के सफाई दरोगा ने निगम के कचरा वाहन चालक व अपने साले को चाकू मार दिया। चालक कोजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपित मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

जानकारी के अनसुार निगम के कचरा वाहन का चालक 26 वर्षीय शुभम पुत्र रवि चनाल रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कचरा वाहन लेकर सुभाषनगर क्षेत्र में गया था। चौराहे से अंदर जाने के दौरान उसका जीजा (सफाई दरोगा) आरोपित गौरव पैमाल आया व विवाद कर शुभम को चाकू मार दिया। इससे शुभम घायल हो गया। शुभम के अनुसार आरोपित गौरव आए दिन विवाद करता है।

पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। उधर, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम परिसर के दैनिक वेतन भोगी दरोगा अशोक (गौरव)-संजय पैमाल द्वारा दैनिक वेतन भोगी कचरा संग्रहण ड्रायवर शुभम चनाल पर धारदार हथियार से हमला करने पर तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

नईदुनिया 6/9/21





# संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक समस्या का निराकरण त्वरित हो

## कलेक्टर ने जनशिकायत निवारण शिविर में 32 आवेदकों की समस्याओं पर कार्रवाई के दिए निर्देश

रतलाम । कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम में जन शिकायत निवारण शिविर के दौरान निगम के अमले को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर मानवीयता के आधार पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए तथा आवेदकों को उस कार्रवाई से अवगत भी करवाया जाए। शिविर में 32 आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर अपने आवेदन दिए जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झरिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सर्वश्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री एम.के.जैन, उपयंत्री सर्वश्री सुहास पंडित, श्री बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, विकास मरकाम, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, लेखापाल श्री जगदीश पांचाल, निज सहायक श्री सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्मा, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े सहित निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सैनिक कॉलोनी रतलाम के बलराम प्रजापत ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व का मकान सैनिक कॉलोनी में स्थित है जिसके नामांतरण के लिए आवेदन पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत किया जा चुका है परंतु कई चक्कर लगाने के बाद भी अभी तक भवन का नामांतरण नहीं हुआ है। आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया। धानमंडी के दिलीप कुमार अग्रवाल ने आवेदन दिया कि उनके मोहल्ला धानमंडी स्थित दो पृथक-पृथक भवनों के लिए संयुक्त निर्माण अनुज्ञा प्राप्त की गई है तथा उक्त निर्माण अनुज्ञा का उल्लंघन करते हुए विपरीत निर्माण किया जा रहा है और व्यक्ति द्वारा खुले रुप में निगम के सिटी इंजीनियर तथा अन्य अधिकारियों से बातचीत हो जाना रहे अवैध निर्माण की जानकारी सिटी इंजीनियर तथा अन्य अधिकारियों को होने के उपरांत भी ना तो अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है और ना ही अवैध निर्माण रुकवाने बाबत कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आवेदन पर कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

हठीराम दरवाजा के रामचंद्र परमार, आनंदीलाल गुगलिया ने आवेदन दिया कि मोहन टॉकीज के पास स्थित समता परिसर में बाहर जाने का रास्ता बहुत ही संकरा है और गेट के बाहर ढलान भी है। इस ढलान पर नगर निगम द्वारा 1 सप्ताह पहले एक स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है जिससे वाहन गिर सकते हैं और किसी के भी चोट लग सकती है। गली के एक अन्य व्यक्ति द्वारा नाली पर स्टेप बनाकर रास्ते को और संकरा कर दिया है अतः स्पीड ब्रेकर तथा नाली पर निर्मित स्टेप को तुरंत हटाया जाए। आवेदन पर पीडब्ल्यूडी शाखा को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अलकापुरी के विजयसिंह भाटी ने उनके घर के सामने का चेंबर सफाई के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार लक्कड़पीठा मेन रोड पर सरकारी नल के दुरुपयोग करने, गंदगी और कीचड़ करने की शिकायत का आवेदन श्री शब्बीर कांपड़िया तथा अन्य द्वारा दिया गया जिसके निराकरण के लिए अतिक्रमण शाखा को निर्देशित किया गया।

वार्ड नंबर 1 गांधीनगर की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में भी आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा ईदगाह रोड बाजना बस स्टैंड के बसंतीलाल पिता नानालाल द्वारा आवेदन दिया गया कि उनके भूखंड की राशि एवं संपूर्ण टैक्स जमा कर रजिस्ट्री पत्र बनवाया जाए। सभी आवेदनों पर कलेक्टर ने निगम की संबंधित शाखाओं को समय सीमा में निराकरण के लिए निर्देशित किया।

शहर सराय एवं धानमंडी क्षेत्र के नागरिकों ने क्षेत्र में सुविधाघर बनाने संबंधी आवेदन दिया। नागरिकों ने बताया कि कुछ वर्षों पहले

बनाए जाने संबंधी निवेदन किया। इस संबंध में संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए।

रामदेव जीकी घाटी निवासी संजय चौहान ने देवरा देवनारायण योजना में प्लाट की रजिस्ट्री संबंधी आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1991-92 में नगर सुधार न्यास द्वारा देवरा देवनारायण योजना क्रमांक 55 में प्लाट लिया था। इसकी रजिस्ट्री अभी तक नहीं करवाई गई है। कलेक्टर ने संबंध में विकास शाखा प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। सूरजमल जैन नगर के रहवासियों ने आवेदन में कहा कि क्षेत्र में सड़कें खोजने के बाद मरम्मत कार्य नहीं किया गया, इस कारण नालियों से पानी बाहर निकल रहा है और बीमारियों फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इस संबंध में स्वास्थ्य प्रभारी को कारवाई करने के निर्देश दिए गए।

अवैध निर्माण करने एवं एमओएस नहीं छोड़ने संबंधी आवेदन देते हुए रतलाम निवासी गोवर्धन लोहिया ने कहा कि उनके निजी मकान के समीप अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां अवैध निर्माण को तुरंत तुड़वाने एवं एमओएस का पालन करवाने संबंधी कार्यवाही की जाए। इस संबंध में संबंधित शाखा को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सैनिक कॉलोनी निवासी सीताबाई प्रजापत में कहा कि सैनिक कॉलोनी योजना क्रमांक 30 में उनके मकान का नामांतरण नहीं हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने आवेदन भी दिया हुआ है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। नामांतरण के लिए पिछले कई वर्षों से वह चक्कर लगा रही हैं। कलेक्टर ने सिटी इंजीनियर को इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिए।

सिलावटों का वास निवासी संगीता राव ने अपने आवेदन में अपने अधिपत्र के भूखंड पर पट्टा जारी करने तथा वहां किए गए अतिक्रमण को हटाना संबंधी आवेदन दिया। वहीं शक्तिनगर निवासी रेखा आचार्य ने मकान निर्माण के दौरान पड़ोसी द्वारा अवैध निर्माण करवाने संबंधी शिकायत की। उन्होंने अवैध निर्माण छुड़वाने तथा की मांग की। इस

# नगर निगम के सफाई दरोगा ने कचरा वाहन चालक को मारा चाकू

रतलाम। रतलाम के सुभाष नगर क्षेत्र में रविवार को नगर निगम के दो कर्मचारी आपस में भिड़ गए। विवाद के दौरान नगर निगम के सफाई दरोगा ने कचरा वाहन चालक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना रविवार दोपहर की है जब वाहन चालक शुभम कचरा वाहन लेकर सुभाष नगर पहुंचा था जहां सफाई दरोगा गौरव पेमाल से उसका किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। हाथापाई के दौरान गौरव ने चाकू से हमला कर शुभम को घायल कर दिया। चाकूबाजी में घायल शुभम को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका उपचार जारी है। वही दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

नगर निगम कर्मचारियों के बीच चाकूबाजी की घटना रविवार दोपहर की है। जहां सफाई व्यवस्था से जुड़े दो कर्मचारी आपस में भिड़ गए। हाथापाई के दौरान सफाई दरोगा गौरव शुभम को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल शुभम ने बताया कि वह अपना वाहन लेकर सुभाष नगर क्षेत्र में पहुंचा था जहां सामने से आ रहे सफाई दरोगा गौरव ने उसे घूरने की बात को लेकर पीटना शुरू कर दिया। और जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकूबाजी में घायल हुए शुभम को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। बहरहाल चाकूबाजी का आरोपी सफाई दरोगा मौके से फरार हो गया। वही पीड़ित की शिकायत पर दिना नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नवभारत

नवभारत 6/9/21

## विदेश यात्रा करने वालों का वैक्सीनेशन 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा

रतलाम। शासन द्वारा कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों के वैक्सीनेशन की अवधि में वृद्धि की गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पूर्व में नियत अवधि 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दी गई है। विदेश यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए उनका वैक्सीनेशन न्यू कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। उनके वैक्सीनेशन के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय मे नोडल अधिकारी श्री अरुण पाठक द्वारा कार्य किया जाएगा।

*प्रसारण 6/9/21*

## 31 अक्टूबर तक विदेश यात्रा करने वालों का वैक्सीनेशन हो सकेगा

रतलाम | विदेश यात्रा करने वाले लोगों का वैक्सीनेशन 31 अक्टूबर तक हो सकेगा। कलेक्टर ने बताया कि पहले 31 अगस्त तक की तारीख तय थी। इसे बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दिया गया है। विदेश यात्रा करने वाले लोगों का वैक्सीनेशन न्यू कलेक्टोरेट परिसर में किया जाएगा। यह जिम्मेदारी जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय में नोडल अधिकारी अरुण पाठक को दी है।

*दै. भास्कर 6/9/21*

## विदेश यात्रा करने वालों का वैक्सीनेशन 31 अक्टूबर तक

रतलाम। विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों के वैक्सीनेशन की अवधि में वृद्धि की गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पूर्व में नियत अवधि 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दी गई है। विदेश यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए उनका वैक्सीनेशन न्यू कलेक्ट्रेट परिसर में 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

*नईदुनिया 6/9/21*

## विदेश यात्रा वालों का वैक्सीनेशन 31 तक

रतलाम. शासन द्वारा कोविड वैक्सीनेशन कार्यर म के तहत विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों के वैक्सीनेशन की अवधि में वृद्धि की गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि पूर्व में नियत अवधि 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दी गई है। विदेश यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए उनका वैक्सीनेशन न्यू कलेक्ट्रेट परिसर में आगामी 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। उनके वैक्सीनेशन के लिए जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यालय मे नोडल अधिकारी अरुण पाठक द्वारा कार्य किया जाएगा।

*पत्रिका 6/9/21*

**निर्देश** | **कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक**

# आमजन को काम कराने के लिए सिफारिश की जरूरत न पड़े

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** राजस्व विभाग सीधे जनता से जुड़ा है, आम आदमी का काम सरलता से हो जाना चाहिए। किसी की सिफारिश नहीं करानी पड़े। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।

बैठक में जावरा एसडीएम हिमांशु प्रजापति ने बताया कि सोमवार को 8000 वैक्सीन एक साथ लगाकर जावरा शहर में प्रथम डोज लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। रतलाम ग्रामीण में भी 4000 वैक्सीन लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने सैलाना, बाजना क्षेत्र में विशेष रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश एसडीएम को दिए। सैलाना, बाजना क्षेत्र में अभी प्रथम डोज के 24000 वैक्सीन लगना बाकी है।



राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • **नईदुनिया**

**पिछले महीने कम वसूला तो लक्ष्य दोगुना कर दिया :** रतलाम ग्रामीण, नामली, पिपलौदा तथा बिलपांक में राजस्व वसूली कमजोर मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त कर पिछले महीने के छूटे लक्ष्य को इस महीने में जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दिए गए लक्ष्य की वसूली तहसीलदार अगर नहीं कर पाता है तो उसे राजस्व अधिकारी के रूप में कार्य करने का अधिकार नहीं है।

**तहसीलदार देखें कि नियत सीमा में ही खनन हो :** खनिज विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि खनन करने वाला व्यक्ति निर्धारित भू-सीमा से ज्यादा खनन नहीं करने पाए। तहसीलदार नियमित चेकिंग करें, गड़बड़ी पर तहसीलदार जिम्मेदार होगा।

**सीएम हेल्पलाइन में शिकायत बढ़ी मतलब काम नहीं हो रहा :** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को अत्यंत गंभीरता से लें। यदि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आपके क्षेत्र की शिकायतें बढ़ती हैं तो यह माना जाएगा कि आपके द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। राजस्व विभाग की शिकायतों के निराकरण के लिए पटवारी आवेदक के पास पहुंचे, उससे चर्चा करें। आवेदक की संतुष्टि होने पर शिकायत फोर्स क्लोज की जाए।

**आलोट-ताल में निकायों में कामकाज खराब :** बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारियों को जिले के नगरीय निकायों के प्रशासक की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अभी ताल तथा आलोट में स्थिति खराब है। वहां पीएम स्वनिधि तथा क्रेडिट लिंकिंग कार्य नही हो रहा है। प्रत्येक निकाय को पांच-पांच प्रकरण बैंक से स्वीकृत करवाकर वितरण का लक्ष्य दिया गया है, उसे पूरा करें। कलेक्टर ने बाजना तहसीलदार को बाजना के राधाकृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार व शहर एसडीएम को गुलाब चक्कर पर बैंड स्टैंड निर्माण के लिए कार्य करने के निर्देश दिए।

नईदुनिया 6/9/21

# दो साल में 40 रिपोर्ट: एक बार भी अतिक्रमण की सूचना नहीं

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

## द्वारका रेसीडेंसी में नगर निगम के अधिकारियों की रही शह



रतलाम. शहर के राममंदिर के करीब चेतक ब्रिज के पास बन रहे द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण में पहले ही दिन से सरकारी अधिकारियों ने रस्म अदायगी की। यहां पर दो वर्ष के निर्माण के दौरान नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग के उपयंत्रियों ने कुल 40 रिपोर्ट वर्क प्राग्रेस की दी, लेकिन एक में भी अतिक्रमण का उल्लेख नहीं किया। इतना ही नहीं नजूल विभाग की भूमि पर अतिक्रमण होता रहा, लेकिन जवाबदेह गायब ही रहे।

राममंदिर के सामने द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण के दौरान कि गई गड़बड़ियां अब सामने आने लगी है। यहां पर नगर निगम के अधिकारियों से लेकर नजूल के अधिकारियों की कृपा पूरे समय रही। अधिकारी 15 हजार वर्गफीट से अधिक की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके सड़क बन जाने के बाद भी पूरे समय चुप रहे। इतना ही नहीं, निर्माण कार्य के दौरान जब जब सरकारी निरीक्षण किए गए उपयंत्री से लेकर बाबू मात्र रस्म निभाकर वापस आ गए।

### दोहरा मापडंड उजागर

नगर निगम हो या नजूल के अधिकारी द्वारका रेसीडेंसी के अतिक्रमण के मामले में इनके दोहरे मापदंड सामने आए। आम व्यक्ति अगर सरकारी भूमि पर एक गुमटी रोजगार के लिए लगाए तो अतिक्रमण मानकर गुमटी को जब्त कर लिया जाता है। इसके विपरीत 15 हजार से अधिक वर्गफीट भूमि पर दिन रात अतिक्रमण द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण करने वालों ने किया, लेकिन एक अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट तक देना जरूरी नहीं समझा।

### हर पखवाड़े रिपोर्ट

असल में नगर निगम के उपयंत्री जब निर्माण कार्य की मंजूरी देते है तो नगर निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत हर पखवाड़े में एक बार जाकर प्रोग्रेस रिपोर्ट देखना होती है। इसमे अगर मंजूरी के विपरीत निर्माण पाया जाता है तो धारा 304 में नोटिस जारी किया जाता है। इसके बाद अगर गलत निर्माण बंद होकर ठीक नहीं किया जाता है तो धारा 307 में नोटिस देकर तोड़ा जाता है। दो साल में हर पखवाड़े की प्रोग्रेस रिपोर्ट तो उपयंत्री ने दी, लेकिन कहीं भी एक बार भी अतिक्रमण नहीं बताया। पत्रिका

### दो साल में आकर देखा तक नहीं

नजूल विभाग के अधिकारियों ने तो 2019 अक्टूबर माह में जो रिपोर्ट दी, उसमे यह लिखा की निर्माण के दौरान जो आम रास्ता है, उस पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं पाया गया, लेकिन इस रिपोर्ट के बाद निर्माण कार्य हुआ व अतिक्रमण हुआ, लेकिन विभाग के जिम्मेदारों ने आकर देखना तक जरूरी नहीं समझा। बड़ी बात यह है कि जिस सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया, वो अब भी कायम है। भले लोहे के एंगल नगर निगम ने लगा दिए है, लेकिन इसके आगे जो निर्माण हुआ उसको तोड़ा तक नहीं गया है।

पत्रिका 6/9/21

# आज से शहर में डेंगू की रोकथाम के लिए होगा विशेष सर्वे

**बीमारी से लड़ेंगे**

- मलेरिया विभाग की नई फागिंग मशीन भी चलने लगी
- जिले में अब तक 207 डेंगू के मरीजों की पुष्टि

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिला अस्पताल की लैब से रविवार को अवकाश के कारण कोई एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट नहीं आई है, जबकि प्राइवेट अस्पतालों में किट जांच से पांच नए डेंगू के संदिग्ध मरीज मिले हैं, जिनका उपचार शुरु हो गया है।

डेंगू की रोकथाम एवं कोविड वैक्सीनेशन का विशेष सर्वे सोमवार शहर के सभी 49 वार्डों में शुरू हो रहा है, जिसकी तैयारी रविवार को चलती रही। सर्वे के लिए 288 दल बनाए गए हैं, जो दस सितंबर तक सर्वे पूरा करेंगे। सर्वे में वैक्सीनेशन से छूटे हुए लोगों की सूची बनेगी और डेंगू व बुखार के मरीजों को तलाशा जाएगा। साथ मलेरिया विभाग की नई डबल बैरल थर्मल मशीन भी आ गई है, जिसे रविवार शाम चालू कर दिया गया है। अब नगर निगम और मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रुप से फागिंग के लिए पांच गाड़ियां चलाई जा रही हैं। इनमें दो डबल बैरल थर्मल फाग और तीन सिंगल बैरल फाग मशीन हैं।

जिले में अब तक 207 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। किट जांच में लगातार नए मरीज मिल रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सर्वे के लिए प्रशिक्षित दलों का गठन हो गया है, जो । एलाइजा टेस्ट के लिए पचास सैंपल लगे हैं। रविवार को कोई रिपोट नहीं आई और फीवर सर्वे भी नहीं हुआ है। फागिंग नियमित होने से मच्छरों के पनपने पर रोक लगेगी।

**सुबह व शाम चारों जोन में होगी फागिंग :** निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नई मशीन मिलने के बाद अब शहर के सभी चार जोन में एक-एक मशीन से दवा का छिड़काव किया जाएगा। रविवार से नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा इसकी शुरुआत की गई है। रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से आठ बजे तक व शाम को छह से रात 10 बजे तक शहर के चारों जोन में अलग-अलग कालोनियों में फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया जाएगा।



मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग करते हुए निगम का अमला। ●नईदुनिया

नईदुनिया 6/9/21

डेंगू के बढ़ते दंश को रोकने के लिए आज से युद्ध स्तर पर सर्वे

# 49 वार्ड में अब 286 सर्वे टीम तलाशेगी डेंगू के मरीज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को थामने के लिए अब प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट गया है। बीमारी पर कंट्रोल पाने के लिए अगले 5 दिन तक प्रशासनिक अमला शहर में विशेष सर्वे कार्य करेगा। इसके तहत शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों को तलाशा जाएगा। साथ ही कोविड वैक्सीनेशन का पहला डोज किन लोगों को नहीं लगा है और किस कारण से नहीं लगवाया गया है, इसकी भी जानकारी जुटाई जाएगी।

वर्तमान में जिले में डेंगू के 207 से अधिक मरीज सामने आए हैं। इनमें कुछ मरीजों की हालत बिगड़ने पर उन्हें प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ रही हैं जिसके चलते ब्लड बैंक में इसकी डिमांड काफी बढ़ चुकी है। वर्तमान में बिगड़ते हालातों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के द्वारा किए गए सारे प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि अब प्रशासन को पूरी कमान अपने हाथ में लेना पड़ी है।

शहर में चलने वाले सर्वे कार्य के दौरान किसी भी व्यक्ति को अवकाश स्वीकृत नहीं किए जाने के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। इतना ही नहीं इस पूरे सर्वे कार्य के दौरान कोताही बरतने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सर्वेक्षण दल डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों को पनपने नहीं देने के लिए घरों के अंदर जमा पानी के टैंक, पानी स्टोरेज, छत पर पुराने टायर या सामान जिम में पानी जमा होने देखेंगे उचित परामर्श देंगे। पत्रिका

## 4 लाख की मशीन से काबू करेंगे डेंगू

शहर में बढ़ रहे डेंगू के मरीजों पर नियंत्रण अब 4 लाख रुपए की कीमत की नई फॉगिंग मशीन से होगा। इसकी शुरुआत रविवार शाम को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी व सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के साथ जिला मलेरिया अधिकारी सुनील प्रजापति ने की है। उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया इसके लिए रुट चार्ट बनाया गया है। सुबह 5.30 बजे व शाम को 6.30 बजे बाद शहर के चारो जोन में अलग-अलग कॉलोनियों में फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया जाएगा।



पत्रिका 6/9/21

**मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट** • ठेकेदार ने कलेक्टर से कहा था 15 जुलाई तक ऊकाला रोड पूरी बना दूंगा

# जवाहर नगर, लोकेंद्र टॉकीज का काम शुरू नहीं, शास्त्री नगर व आनंद कॉलोनी रोड निर्माण भी बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ठेकेदार की मनमानी से फेल हो रहा है। तीन साल हो गए, 6 सड़कों में से दो जवाहर नगर और लोकेंद्र टॉकीज रोड का काम शुरू तक नहीं हो पाया है। शास्त्री नगर और आनंद कॉलोनी सड़क आधी बनकर काम बंद है। फिलहाल महू और ऊंकाला रोड का काम चल रहा है। वह भी बहुत धीमी गति से। मार्च के रिव्यू में विधायक चेतन्य काश्यप ने नाराजगी जता चुके हैं।


ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से किए गए 15 जुलाई तक ऊंकाला रोड बना देने के वादे को भी ठेंगा दिखा दिया है। ठेकेदार से परेशान नगर निगम भी ज्यादा कुछ नहीं कर पा रहा है। जून में ठेकेदार कंपनी का टेंडर निरस्त कर फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए भोपाल प्रतिवेदन भेजा था। उसका अब तक जवाब नहीं आया।

**चार बार बढ़ चुकी टाइम लिमिट :** महामारी की आड़ लेकर अब तक कंपनी की समय सीमा चार बार बढ़ाई जा चुकी है। कंपनी को 31 अगस्त 2020 तक प्रोजेक्ट के सारे काम पूरा करने थे। इसके विपरीत अब तक एक काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इसे बढ़ाकर पहले मार्च 2021, फिर जुलाई 2021 और अब 31 दिसंबर कर दी गई है।

## प्रोजेक्ट ठेकेदार की मनमानी जारी, टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई भोपाल में अटकी

### जवाहरनगर रोड

- **कहां से कहां तक** - गुजरात स्वीट्स- गांधीनगर- लक्ष्मणपुरा-जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक
- **ऐसी बनना है** - लंबाई- 1350 मीटर, चौड़ाई- 12 मीटर, स्ट्रीट लाइट अंडरग्राउंड होगी, साइड लाइटिंग।
- **अभी स्थिति** - अब तक काम शुरू नहीं हुआ।



शास्त्री नगर की अधूरी रोड, साइडिंग खोदकर छोड़ दी है, सीसी वर्क होना बाकी।

### शास्त्रीनगर मुख्य मार्ग

- **कहां से कहां तक** - पावर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा
- **ऐसी बनना है** - लंबाई-850 मीटर, चौड़ाई - 12 मीटर (शास्त्रीनगर पुलिया समेत), डिवाइडर व सेंट्रल लाइटिंग।
- **अभी हालत** - तीन माह से काम बंद है। 26 मई से साइडिंग बनाने खुदाई शुरू की दी, यह काम चार-पांच दिन में ही रुक गया था, तब से वहीं स्थिति।

### लोकेंद्र टॉकीज रोड

- **कहां से कहां तक** - सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज तक
- **ऐसी बनना है** - लंबाई- 270 मीटर, चौड़ाई-12 मीटर, फुटपाथ, ड्रेन, डिवाइडर, सेंट्रल लाइटिंग भी होगी।
- **ऐसी बनना है** - अब तक काम शुरू नहीं हुआ।

### ऊंकाला रोड

- **कहां से कहां तक** - चार चक्की चौक-सेठिया गार्डन-बजरंग नगर
- **ऐसी बनना है** - लंबाई-1480 मीटर, चौड़ाई - 12 मीटर, फुटपाथ व ड्रेन-3 मीटर, पुलिया 12 मीटर चौड़ी होगी, डिवाइडर व सेंट्रल लाइटिंग
- **अभी हालत** - अभी मांगलिक भवन के सामने बीएलसी वर्क ही चल रहा है।

### आनंद कॉलोनी रोड

- **कहां से कहां तक** - कॉन्वेंट स्कूल से कालिकामाता पुलिया तक
- **ऐसी बनना है** - लंबाई - 280 मीटर, चौड़ाई - 12 मीटर, कालिकामाता पुलिया 12 मीटर चौड़ी होगी, सेंट्रल लाइटिंग।
- **अभी हालत** - गार्डन की तरफ 3 मीटर चौड़ा करने का काम बाकी। कॉन्वेंट स्कूल से पुलिया तक 9 मीटर चौड़ी सड़क बना दी गई है।

### महू रोड

- **कहां से कहां तक** - कृषि मंडी से फव्वारा चौक
- **ऐसी बनना है** - लंबाई- 1700 मीटर, चौड़ाई दोनों तरफ दो मीटर बढ़ाना थी। फुटपाथ व ड्रेन सिस्टम भी बनाना था।
- **अभी हालत** - फुटपाथ के लिए पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। दोनों तरफ की साइडिंग का काम पूरा हो चुका।

### काम धीमी गति से चल रहा है, चेतावनी भी दी अब भुगतान रोका है

*काम धीमा करने को लेकर ठेकेदार फर्म को कई बार चेतावनी दे चुके हैं। कार्रवाई स्वरूप भुगतान भी रोका गया है। अभी महू रोड और ऊकाला रोड का काम चल रहा है। शास्त्री नगर और आनंद कॉलोनी की सड़क अधूरी है, उसका काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। दो अन्य सड़कों का काम इसके बाद चालू करेंगे।* **अमन खंडेलवाल, इंजीनियर-एमपीयूडीसीएल**

भास्कर

दै. भास्कर 6/9/21